कार्यालय प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, उदयपुर

क्रमांक/परि/उदय/ /सम्पर्क/2018/14250

दिनांकः 20.03.2018

सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरण संख्या 02180903210041 के सम्बन्ध में तथ्यात्मक रिपोर्ट

(अ) शिकायत का विवरणः—

दिनांक 22.01.2018 को प्रमुख समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका, जयपुर में प्रकाशित शीर्षक ''8 की क्षमता वाले टेम्पों में 21 यात्री, अनियंत्रित होकर नहीं में गिरा'' के सम्बन्ध में।

(ब) शिकायत के सम्बन्ध में तथ्यात्मक रिपोर्ट—

इस सम्बन्ध में अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रकरण की जाँच की गई। जिला बांसवाड़ा में परिवहन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2017—18 में माह अप्रेल 2017 से फरवरी 2018 तक ओरवलोडिंग वाहनों के कुल 253 चालना बनाए गए जिनसे कुल 27.50 लाख रूपये राजस्व प्राप्त हुआ। इस दौरान कुल 110 ओवरक्राउडिंग वाहनों के चालना बनाए गए जिनसे कुल 05.35 लाख रूपये राजस्व प्राप्त हुआ एवं 47 वाहनों के परमिट/लाईसेंस निलम्बन की कार्यवाही की गई। परिवहन विभाग के अतिरिक्त पुलिस विभाग एवं जिन प्राधिकारियों को इस हेतु शक्तियाँ प्रत्यायोजित की गई है उनके द्वारा भी कार्यवाही की जा रही है। उक्त दुर्घटना की चार्जशीट माननीय न्यायालय घाटोल में प्रस्तुत है।

(स) सारतः—

बाँसवाड़ा जिले में परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्यवाही पर्याप्त एवं संतोषजनक है। किसी भी लोकसेवक के विरूद्ध शासकीय दायित्वों के निर्वहन की उदासीनता के क्रम में कोई प्रकरण नहीं बनता है।

(डॉ0 मन्नालाल रावत)
प्रादेशिक परिवहन अधिकारी,
उदयपुर